आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 23.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतेरस ने ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमरीकी सैन्य हमलों के बाद पश्चिम एशिया संकट कम करने के लिए तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सरकार द्वारा 11 जून को जारी आरक्षण संबंधी आदेश पर रोक लगाई।
- चम्पावत जिले में पूर्णागिरि धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर रात्रि में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित।
- मौसम विभाग ने देहरादून और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरस ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के आपातकालीन विशेष सत्र में विश्व में शांति रखने की अपील की है। उन्होंने ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमरीकी हमलों के बाद उत्पन्न संकट कम करने के लिए भी तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया है। श्री गुतेरस ने जवाबी कार्रवाई और व्यापक युद्ध का खतरा रोकने के लिये तत्काल प्रयास करने का आह्वान किया। श्री गुतरेस ने अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से संबंधित सत्र को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि ईरान पर अमरीकी हमला क्षेत्र में बिगड़ती स्थिति के लिए एक विनाशकारी मोड़ है। उन्होंने कूटनीतिक समाधानों का आह्वान किया।

फर्जी दावा

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे इन दावों का कड़ाई से खंडन किया है कि अमरीका ने ऑपरेशन मिडनाईट हैमर के दौरान ईरान पर हवाई हमलों के लिए भारतीय वायु क्षेत्र का इस्तेमाल किया। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इन दावों को पूरी तरह फर्जी बताया और कहा कि अमरीका के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल डैन काइन ने हाल के संवाददाता सम्मेलन में हमले के लिये अमरीकी विमानों द्वारा प्रयुक्त मार्गों के बारे में स्पष्टीकरण दिया था।

<u>उत्तराखंड उच्च न्यायालय</u>

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सरकार द्वारा 11 जून को जारी आरक्षण संबंधी आदेश पर रोक लगा दी है। सरकार ने अपने आदेश में कहा था कि अब तक पंचायत चुनाव में लागू हुए आरक्षण को शून्य मानकर इस वर्ष से नए सिरे से प्रथम आरक्षण लागू माना जायेगा। न्यायालय ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्धारित किये गए आरक्षण की रोटेशन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई की। न्यायालय ने पिछली सुनवाई में सरकार से 9 जून को जारी नियमावली और 11 जून को जारी आदेश पर जबाव मांगा था। जिसका सरकार संतोषजनक जबाव नहीं दे पाई ।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में हुई।

<u>अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस खेल भावना, अनुशासन, परिश्रम और वैश्विक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे जाकर मानवता को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, उत्तराखण्ड में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने, आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने और युवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खेल विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

<u>आपदा तैयारी चमोली</u>

मानसून सीज़न की शुरुआत के साथ ही प्रदेश में आपदा प्रबंधन को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में चमोली में जिला और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मानसून के दृष्टिगत चारधाम यात्रा मार्गों पर लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई को सभी आवश्यक मशीनरी और उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। साथ ही जिले के दूरस्थ गांवों में आगामी तीन महीनों के लिए राशन भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की तैनाती और आवश्यक दवाओं का स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, पुलिस प्रशासन ने भी मॉनसून को देखते हुए ज़रूरी इंतज़ाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी उपकरणों की जांच कर ली गई है।

रात्रि आवाजाही पर रोक

चम्पावत जिले में पूर्णागिरि धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर रात्रिकालीन आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। हाल ही में बाटनागाड़ क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण सड़क पर मलबा और बोल्डर गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एहतियातन यह कदम उठाया है। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि जब तक मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित और सुगम नहीं बना दिया जाता, तब तक हर दिन शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

यह आदेश जनसुरक्षा और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दृष्टि से तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। आदेश का उल्लंघन आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय होगा।

वाहन पत्थर मृत्यु

चमोली जिले में ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राज मार्ग पर पातालगंगा के समीप एक वाहन पर पहाड़ी से आए पत्थरों के गिरने से उसमें सवार एक महिला की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पीपलकोटी अस्पताल में लाया गया है। वाहन सवार हरियाणा के बताए जा रहे हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज देहरादून और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इस अवधि में टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस दौरान राज्य के सभी जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई है।

फाटो जोन

मानसून सीजन में कार्बेट पार्क आने वाले पर्यटक अब रात्रि में टाइगर रिजर्व से सटे तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन में विश्राम का लुत्फ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि मानसून सीजन में रात्रि विश्राम शुरू होने के बाद इस तरह की सुविधा देने वाला फाटों पहला जोन होगा। कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला, ढेला, झिरना और बिजरानी में रात्रि विश्राम की सुविधा है, लेकिन मानसून सीजन शुरू होते ही 15 जून से सभी जोन में इसे बंद कर दिया जाता है। पर्यटकों के लिए ढेला और झिरना में डे–विजिट सफारी का विकल्प रहता है। मानसून सीजन के बाद रात्रि विश्राम को फिर पर्यटकों के लिए खोला जाता है। वहीं फाटो जोन ने बीते कुछ सालों में वन्यजीवों के दीदार को लेकर अपनी अलग पहचान बनाई है। अब विभाग इस साल से मानसून सीजन में यहां रात्रि विश्राम शुरू करने जा रहा है। इस संबंध में रामनगर के प्रभागीय वनाधिकारी पी.सी आर्या का कहना है कि, इस साल से फाटो में ढेला और झिरना की तर्ज पर रात्रि विश्राम भी शुरू किया जाएगा। इसकी तैयारियां कर ली गई हैं।

फाटो रेंजर कृपाल सिंह बिष्ट के अनुसार रात्रि विश्राम के लिए 14 कमरों की व्यवस्था की गई है। इनमें तीन ट्री हाउस, पांच हट और छह कमरे शामिल हैं।

सौर ऊर्जा प्लांट

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के डाकरा स्थित गुरुद्वारा में विधायक निधि से बने 20 किलोवाट सौर ऊर्जा प्लांट का उद्घाटन किया। इस प्लांट में लगभग तीन हजार यूनिट प्रतिमाह बिजली का उत्पादन होगा। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि लगभग 10 लाख रुपए की लागत से बने 20 किलोवाट क्षमता वाला यह प्लांट अब पूरी तरह स्थापित हो चुका है। इससे प्रतिदिन 100 यूनिट और महीने में लगभग तीन हजार यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि अब गुरुद्वारा साहिब बिजली के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गया है।